# रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

कबीर धाम आश्रम के सामने, केन्द्रीय विद्यालय नं. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर फोन नं. 07582299604 E-mail -hegc.newraniavsag@mp.gov.in


**क्रमांक:** / RALVV -2003 अकादमिक / 2026 **दिनांक:** 09/09/2026

## अधिसूचना

**विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के 'स्वयं (SWAYAM) विनियम, 2021' के अंगीकरण एवं क्रियान्वयन के संबंध में।**

——00——

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा अधिसूचित Credit Framework for Online Learning Courses through Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds (SWAYAM) Regulations, 2021 को रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) के परिक्षेत्र में लागू किए जाने हेतु निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं:

1. विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 16.06.2026 (बिंदु क्रमांक 08, कार्यवृत्त क्रमांक / RALVV-1252/Academic/2026, दिनांक 04.07.2026) तथा कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 07.07.2026 (बिन्दु क्र. 01, कार्यवृत्त क्रमांक/ RALVV-1259/Academic/2026, दिनांक 15.07.2026) में विद्यापरिषद के उक्त बिन्दु क्र. 08 को संपुष्ट/ मान्य किये जाने के उपरांत विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में 'स्वयं (SWAYAM) विनियम, 2021' को विधिवत अंगीकृत कर लागू किया जाता है, जिसके तहत छात्र स्वयं पोर्टल के पाठ्यक्रमों से क्रेडिट प्राप्त कर अपनी ग्रेड शीट में सम्मिलित कर सकेंगे।
2. विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि उनके महाविद्यालय के विद्यार्थी SWAYAM पोर्टल पर संचालित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में पंजीयन करें तथा क्रेडिट अंतरण (Credit Transfer) की इस सुविधा का पूर्ण लाभ उठाएं।
3. विद्यार्थियों की प्रगति की निगरानी, क्रेडिट अंतरण और संस्थागत डैशबोर्ड के सुचारू संचालन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर **डॉ. पवन कुमार खटीक, लाइब्रेरियन** को **नोडल अधिकारी (SWAYAM)** नियुक्त किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

- **दूरभाष क्रमांक:** +91 94251 69352
- **ईमेल आईडी:** libralvvs@gmail.com

सभी संबंधित महाविद्यालय इस अधिसूचना को अपने सूचना पटल पर चस्पा करें तथा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को इससे अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**माननीय कुलगुरु जी के आदेशानुसार,**

(डॉ. शक्ति जैन)
कुलसचिव
रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय,
सागर (म.प्र.)

**पृ. क्रमांक:** / RALVV -2004 अकादमिक / 2026 **दिनांक:** 09/09/2026

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:**

1. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरु महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. अवर सचिव, मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल म.प्र.।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च् शिक्षा विभाग, सागर संभाग, सागर म.प्र.।
5. परीक्षा नियंत्रक, रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर।
7. नोडल अधिकारी (SWAYAM) डॉ. पवन कुमार खटीक, रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर।
8. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर।
9. प्रवेश प्रभारी, रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर।
10. वेबसाइट प्रभारी, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
11. चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एमपी ऑनलाइन लिमिटेड भोपाल।
12. संबंधित मूल नस्ती।

(पंचम लाल सनोडिया)
सहायक कुलसचिव - अकादमिक
रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय.